# हरियाणा में डॉक्टरों की हड़ताल

## चर्चा में क्यों?

हाल ही में **हरियाणा में सरकारी अस्पताल के डॉक्टरों** ने अपनी **विभिन्न मांगें पूरी न होने के विरोध में अनिश्चितकालीन हड़ताल** शुरू की, जिससे सरकारी अस्पतालों में सेवाएँ बाधित हो गई हैं।

## प्रमुख बिंदु

- हड़ताल की शुरुआत **हरियाणा सिविल मेडिकल सर्विसेज़ एसोसिएशन** ने की थी, जो राज्य में सरकारी डॉक्टरों का प्रतिनिधित्व करने वाला संगठन है
- डॉक्टर अपने लिये **एक विशेष विभाग की स्थापना करने और कॅरियर उन्नति कार्यक्रम की मांग** कर रहे हैं जो केंद्र सरकार के लिये कार्य करने वाले उनके समकक्षों के साथ उन्हें समानता प्रदान करेगा
    - डॉक्टरों की अन्य मांगों में **वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारियों की सीधी भर्ती पर रोक लगाना** और **स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों के लिये बॉण्ड की राशि कम करना** शामिल है
- राज्य सरकार ने निकाय से रोगियों पर इस हड़ताल के प्रभाव पर विचार करने की अपील की है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/doctors-strik-in-haryana